साईं नाम की झोली भरो

साईं नाम की झोली भरो, साईं नाम की झोली भरो,
ॐ साईं, जय जय साईं रटते जाओ |
साईं भोला भंडारी, शिव भोला भंडारी ||

साईं हमारा है रखवाला,
साईं ने हमको प्यार से पाला |
हर मुश्किल मे हम को संभाला,
बन के मसीहा सब दुःख टाला |
शिव साईं, ॐ साईं रटते जाओ,
साईं नाम की झोली भरो ||

शिर्डी धाम है स्वर्ग हमारा,
शिर्डी धाम है सब से प्यारा |
शिर्डी धाम है सब का सहारा,
शिर्डी शाम है अमृत धारा |
राम साईं श्याम साईं रटते जाओ,
साईं नाम की झोली भरो ||

पूरो होगी दिल की आशा,
सदा रहो तुम साईं के दासा |
साईं धूलि को माथे लगाओ,
साईं कृपा को पल पल पाओ |
ब्रह्म साईं, विष्णु साईं रटते जाओ,
साईं नाम की झोली भरो ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/109/title/sai-naam-ki-jholi-bharo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |